# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

Coal India
A MAHARATNA COMPANY
5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 अक्टूबर 2025

अंक : 514

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने "स्पेशल कैंपेन 5.0" के अंतर्गत 100% लक्ष्य हासिल किए



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने "स्पेशल कैंपेन 5.0" (2 से 31 अक्टूबर, 2025) के दौरान स्वच्छता एवं कार्यकुशलता से संबंधित सभी



लक्ष्यों को 100% पूरा किया है। इस अभियान के दौरान 257 स्थलों की सफाई की गई, जिसमें लगभग 5.69 लाख वर्गफुट क्षेत्र शामिल था। इसके आलावा, 223 मीट्रिक टन कबाड़ सामग्री का वैज्ञानिक निपटान किया गया, जिससे रीसाइक्लिंग एवं पुनः उपयोग (Reuse) के माध्यम से ₹1.43 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। ये उपलब्धियां वेकोलि की कार्यकुशलता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

सिर्फ संख्यात्मक उपलब्धियों तक सीमित न रहते हुए, वेकोलि ने रचनात्मकता, स्थायित्व और समावेशिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को विभिन्न नई पहलों के माध्यम से साकार किया। ई-वेस्ट कलेक्शन किओस्क का निर्माण उपेक्षित लोहे एवं स्टील के फर्नीचर से किया गया, जो जिम्मेदार पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करता है। इसी प्रकार, कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित "ई-वेस्ट टू आर्ट" कार्यशाला ने सृजनशीलता, पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी की भावना को बढ़ावा दिया।

वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों में बायो-टॉयलेट्स की स्थापना की गई, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इसी क्रम में, "सफाई मित्र शिविर" आयोजित किए गए, जिनमें 1,250 से अधिक अनुबंध कर्मियों एवं हाउसकीपिंग स्टाफ के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए और सुरक्षा किट वितरित की गई। साथ ही, एकोना खदान (मजरी क्षेत्र) में पूर्णतः महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित एचआर सेल का गठन किया गया, जो संगठन में समावेशिता, सशक्तिकरण एवं नेतृत्व की भावना को सुदृढ़ करता है।



"स्पेशल कैंपेन 5.0" के अंतर्गत वेकोलि के कार्य स्वच्छता, सृजनशीलता एवं सामुदायिक कल्याण के एक संतुलित समन्वय को प्रदर्शित करते हैं। वेकोलि एक आदर्श सार्वजनिक उपक्रम (Model PSU) के रूप में सतत विकास, समावेशिता एवं "कचरे से संसाधन" रूपांतरण (Waste-to-Resource Transformation) की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो कोयला मंत्रालय के स्वच्छ, जिम्मेदार और स्थायी भविष्य के विजन में सार्थक योगदान देता है।

## वेकोलि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में दिनांक 27.10.2025 को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ हुआ। वेकोलि मुख्यालय में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि श्री जे. पी. द्विवेदी, सीएमडी, वेकोलि ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। यह सप्ताह 27.10.2025 से 02.11.2025 तक मनाया जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे की प्रमुख उपस्थिति रही।

स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा ईमानदारी वेकोलि के मूल सिद्धांत हैं तथा इन्हें बल प्रदान करने हेतु सतर्कता विभाग निरंतर कार्यशील रहता है। उन्होंने बताया कि मुख्य सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार वेकोलि में 18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025 तक निवारक सतर्कता पर केंद्रित, विशेष सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लंबित शिकायतों का समयबद्ध निपटान, कैपेसिटी बिल्डिंग, एसेट मैनेजमेंट एवं डिजिटल सुधार आदि पर कार्य किए जा रहे है।

वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईमानदारी भारत देश की संस्कृति का अविभाज्य अंग है तथा इस सिद्धांत को अपनाकर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने इस वर्ष की सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" को अत्यंत सार्थक बताते हुए कहा कि सभी को सतर्कता को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए, इस दिशा में सकारात्मक योगदान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी के दैनिक कार्यों में पारदर्शिता तथा ईमानदारी बरतने से न केवल हम कार्य को नियमानुसार पूर्ण करते है बल्कि राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी निवारक सतर्कता के सिद्धांतों को अपनाते हुए अपना कार्य जागरूकता पूर्वक करें।

इस अवसर पर अतिथियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 गैलरी का उद्घाटन किया। अवसर विशेष के लिए प्राप्त महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी तथा केंद्रीय सतर्कता आयुक्त श्री प्रवीण के. श्रीवास्तव एवं सतर्कता आयुक्त श्री ए. एस. राजीव के संदेश का वाचन क्रमशः महाप्रबंधक (एन.आय) श्री दीपक रेवतकर, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट अफेयर्स) श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (ई एंड एम) श्री सुब्रत मोहंती, महाप्रबंधक (मार्केटिंग एवं सेल्स) श्री आनंद टेमुर्निकर एवं महाप्रबंधक (सिविल) श्री ओ. वी. सुजीत सेन ने किया।

समारोह में विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कंपनी मुख्यालय तथा क्षेत्रों में सप्ताहपर्यंत सतर्कता जागरूकता संबंधित विविध कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## वेकोलि में सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन

वेकोलि में दिनांक 27 अक्तूबर से 02 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

इस सप्ताह में सतर्कता जागरूकता के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए निबंध, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में वेकोलि के सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक 28.10.2025 को प्रातः सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्यालय से प्रारंभ इस रैली को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का उद्देश्य कर्मियों को अपने कार्य में सतर्कता बरतने तथा नियमों का पालन करते हुए देश हित में पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रेरित करना था।

रैली के दौरान फ्लेक्स एवं बैनर के माध्यम से लोगों को सतर्कता के विषय में जानकारी देने तथा बड़े स्तर पर जागरूकता निर्माण करने का प्रयास किया गया।



रैली में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी के साथ निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने साथ चल कर रैली का नेतृत्व किया।

इस रैली में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी एवं उपाध्यक्षा श्रीमती सोनाली म्हेत्रे प्रमुखता से उपस्थित रही। रैली में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## वेकोलि में कोल इंडिया अंतर कंपनी पॉवरलिफ़्टिंग, वेटलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता संपन्न

### डब्ल्यूसीएल की टीम विजेता तथा एसईसीएल की टीम रही उप-विजेता



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 14 से 16 अक्टूबर, 2025 तक "कोल इंडिया अंतर कंपनी पॉवरलिफ़्टिंग, वेटलिफ्टिंग एवं



बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता 2025-26" का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में डब्ल्यूसीएल की टीम विजेता तथा एसईसीएल की टीम उप-विजेता रही। टूर्नामेंट में एससीसीएल के श्री श्रीनिवास रेड्डी 'मिस्टर कोल इंडिया' बने।



साथ ही, वेकोलि के श्री मोहितराम अन्दवन ने स्ट्रॉंग मैन ऑफ़ कोल इंडिया, वेकोलि की सुश्री हीरामणि मंडल ने स्ट्रॉंग वूमेन ऑफ़ कोल इंडिया तथा एमसीएल के श्री रबिन्द्र बेहरा ने बेस्ट लिफ़्टर ऑफ़ कोल इंडिया का ख़िताब जीता। इस अवसर पर वेकोलि के वरिष्ठ अधिकारी एवं अर्जुन वं द्रोणाचार्य अवार्डी श्री विजय मुनीश्वर का विशेष सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता के अंतिम दिवस पर समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित थे।

मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित थे।



सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शारीरिक तथा मानसिक सबलता के लिए पॉवरलिफ़्टिंग, वेटलिफ्टिंग जैसे खेल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से सभी में इस खेल के



प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा अच्छे खिलाड़ियों को बेहतर करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विजेताओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी और अन्य टीमों को भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया तथा सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। संचालन समिति के सदस्य श्री सी. जे. जोसफ ने अपने उद्बोधन में विजेता तथा उप-विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। अतिथियों द्वारा सभी विजेता



खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के संचालन समिति के सदस्य श्री सी. जे. जोसफ एवं श्री एस. आर. गबाले तथा कल्याण मंडल के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित रहे। दर्शक दीर्घा में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वेकोलि एवं मॉयल के संयुक्त तत्वावधान में 54वीं अंतरक्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता संपन्न



मॉयल इंडिया लिमिटेड के मनसर खदान में आयोजित 54वीं अंतरक्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता (54th Zonal Mine Rescue Competition) संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता दिनांक 12.10.2025 से 14.10.2025 तक मॉयल इंडिया लिमिटेड एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में वेकोलि, मॉयल इंडिया लिमिटेड, एचसीएल, आरसीसीएल और एवं सनफ्लैग की कुल 14 टीमों ने भाग लिया। इनमें 12 पुरुष टीमें तथा 02 महिला टीमें शामिल थी। प्रतियोगिता में पुरुष श्रेणी में ओवरऑल प्रथम स्थान वेकोलि, नागपुर क्षेत्र को तथा ओवरऑल द्वितीय स्थान वेकोलि, चंद्रपुर क्षेत्र को मिला, वही ओवरऑल तृतीय स्थान मॉयल इंडिया लिमिटेड की टीम ने हासिल किया। महिला श्रेणी में ओवरऑल प्रथम स्थान वेकोलि महिला टीम तथा ओवरऑल द्वितीय स्थान मॉयल इंडिया लिमिटेड की महिला टीम ने हासिल किया।

पारितोषिक वितरण समारोह में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक (मानव संसाधन) श्री हेमंत पांडे, उप महानिदेशक खान सुरक्षा, वेस्ट झोन, श्री रामावतार मीना, उप महानिदेशक खान सुरक्षा, नार्थ झोन श्री नीरज कुमार एवं मॉयल इंडिया लिमिटेड के निदेशकगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे वरिष्ठ अधिकारीगण, मॉयल इंडिया लिमिटेड, एचसीएल, आरसीसीएल एवं सनफ्लैग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (DLC) अभियान – नवंबर 2025

पेंशनभोगियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (Life Certificate) डिटिजिटल माध्यम से सहज एवं निःशुल्क रूप से सबमिट कराने के उद्देश्य से वेस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (DLC) अभियान – नवंबर 2025 मनाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 04.11.2025 से 28.11.2025 तक वेकोली मुख्यालय, नागपुर, 06.11.2025 को उमरेड क्षेत्र, 07.11.2025 को नागपूर क्षेत्र, 10.11.2025 को पेंच क्षेत्र, 11.11.2025 को वणी क्षेत्र एवं सीडब्लूएस, तडाली, 14.11.2025 को कनहान क्षेत्र, 17.11.2025 को वणी नार्थ क्षेत्र, 18.11.2025 को माजरी क्षेत्र, 20.11.2025 को पाथाखेड़ा क्षेत्र, 24.11.2025 को बल्लारपुर क्षेत्र एवं 25.11.2025 को चंद्रपुर क्षेत्र में कैंप लगाया जाएगा।

सभी सेवानिवृत्त पेंशनभोगी नजदीकी क्षेत्रीय कार्यालय या निर्धारित कैंप स्थल पर कार्यालयीन समय में जाकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन सबमिट करा सकते है।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट हेतु पेंशनभोगी को पेंशन पेमेंट आर्डर (Pension Payment Order), आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अपने बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति साथ लाना आवश्यक है।



वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।